‘जीआईएस सर्वे ऐप’

चर्चा में क्यों?

4 जनवरी, 2022 को मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर द्वारा अधोसंरचना संबंधी नए कार्यों का एस्टीमेट तैयार करने तथा सर्वे के कार्य के लिये ‘जीआईएस सर्वे’ मोबाइल ऐप तैयार किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- इस मोबाइल ऐप को प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों में लागू किया गया है। इस ऐप के निर्माण से उपभोक्ताओं के लाइन विस्तार संबंधी आवेदनों के निराकरण में गति आएगी तथा एस्टीमेट एवं सर्वे कार्यों को सटीक तथा पारदर्शी बनाया जा सकेगा।
- ‘जीआईएस सर्वे’मोबाइल ऐप से एस्टमिट एवं सर्वे का कार्य करने के लिये मोबाइल ऐप को संबंधित स्थान पर ले जाकर ही जानकारी दर्ज की जा सकेगी। दर्ज हुई जानकारी को परिवर्तित नहीं किया जा सकेगा, इसलिये इस ऐप से की गई कार्यों की गणना सटीक एवं त्रुटिहीन प्राप्त होगी।
- कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (कार्य) वी. के. जैन ने फील्ड में जाकर मोबाइल ऐप की कार्य प्रणाली का अधिकारियों के साथ परीक्षण किया तथा ऐप की विश्वसनीयता को परखा। सभी परीक्षणों में सफल होने के उपरांत ही ‘जीआईएस सर्वे ऐप’को लागू किया गया है।
- ‘जीआईएस सर्वे ऐप’में दर्ज जानकारी उच्चाधिकारियों को तत्काल दिखाई देगी। इससे संबंधित प्रकरणों में स्वीकृति प्रदान करने में अनावश्यक विलंब नहीं होगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gis-survey-app